दिनांक 4 मार्च 2023 को Government PG College for Women Rohtak में होली एवं महिला दिवस के अवसर पर गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं ने महाविद्यालय के प्रांगण में फूड स्टॉल लगाए। B.Sc III year ने गुझिया, फ्राइड इडली एवं स्वीट कॉर्न, B.Sc II year ने दही भल्ले, पाव भाजी एवं पेय पदार्थ B.Sc I year ने कटलेट और B.A III year ने गुलगुले एवं मिक्स पकौड़े बनाए। प्रिंसिपल सविता परुथी मैडम , डा.लक्ष्मी बैनीवाल एवम् श्रीमति अनिता सिंह ने आकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और फूड स्टॉल के व्यंजनों की भूरी भूरी प्रशंसा की । सभी प्राध्यापको तथा छात्राओं ने व्यंजनो का लुत्फ़ उठाया।

रंग बहार,MDU Rohtak (18/02/2023)

महर्षि दयानंद विश्विद्यालय रोहतक द्वारा रंग बहार फ्लावर फ़ेस्टीवल 2023 का आयोजन 18 फ़रवरी 2023 को किया गया जिसमे विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय रोहतक के गृह विभाग की छात्राओ ने प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। फ्लावर ज्वैलरी प्रतियोगिता मैं लताशा प्रथम और निकिता द्वितीय स्थान पर रही। फ़ेस पेंटिंग में सिमरन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रंगोली में भी फ़ाइन आर्ट्स की छात्रा प्रथम रही पेंटिंग में इर्विन तृतीय स्थान पर रही ।पोट पेंटिंग में भी छात्राओं का कार्य सराहनीय रहा।

Haryanvi Food Competition dated 1/11/2022

दिनांक 1 नवंबर 2022 को हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य मेंMDU, Rohtak के Student Welfare Department के द्वारा
विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। Government PG College for Women Rohtak के गृह विज्ञान की छात्राओं ने हरियाणवी फूड फेस्ट मे भाग लिया जिसमे छात्राओं को परंपरागत और अभिनव व्यंजन बनाने थे। छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन जैसे बाजरे की रोटी, सरसों का साग, खीर, बाजरे की इडली इत्यादि बनाकर सबका मन मोह लिया।

दिनांक 20 अक्तूबर 2022 को महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक के Institute of Hotel management and Tourism विभाग के द्वारा International Chef Day का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग से छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें इनोवेटिव डिश में बाजरे की इडली प्रथम, मीठे में मालपूए प्रथम, थाली में हरियाणवी थाली दूसरे तथा दाल रोटी तीसरे स्थान पर रही।

दिनांक 15 अक्टूबर 2022 को Government PG College for Women Rohtak में टैलेंट हंट कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। गृह विज्ञान विभाग के द्वारा ग्लास पेंटिंग तथा बॉटल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे 17 छात्राओं ने भाग लिया। सभी छात्राओं का कार्य सरहानीय रहा। निर्णायक मंडल की भूमिका भूगोल विभाग की डा ज्योति तथा डा अंजू ने निभाई।
ग्लास पेंटिंग में पूनम ने प्रथम स्थान, भारती द्वितीय स्थान और प्रतिका एवं तीजो ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बॉटल पेंटिंग में प्रथम स्थान साक्षी, द्वितीय अंजू एवं तृतीय स्थान मधु ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समय विभागाध्यक्ष रीतू हुडा एवं सभी प्राध्यापिकाएँ उपस्थित रहें।